पुणे महानगरपालिका के 20 हजार कोरोना वॉरियर्स को 'विश्ववती चिकित्सालया' की तरफ से 'रस माधव वटी' का वितरण

पुणे : पुणे के लोगो का स्वास्थ्य अच्छा रहे, कोरोना का फैलाव जल्द से जल्द रोकने के काम पुणे महानगरपालिका का हर कर्मचारी सैनिको की तरह लड़ रहा है. इन कोरोना वॉरियर्स की इम्युनिटी बढ़ाने के लिए रस माधव वटी उपयोगी होगी. इस महत्वपूर्ण उपक्रम के लिए श्री विश्र्ववती आयुर्वेदिक चिकित्सालय व रिसर्च सेंटर का आभार व्यक्त करता हु, ऐसा मत पुणे के महापौर मुरलीधर मोहोल ने व्यक्त किया.

परमपूज्य सद्गुरु श्री आनंदनाथ महाराज सांगवडेकर के आशीर्वाद से व राजवैद्य समीर जमदग्नि के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे 'चला... भारत सशक्त करूया' मोहिम के अंतर्गत श्री विश्र्ववती आयुर्वेदिक चिकित्सालय व रिसर्च सेंटर, कोल्हापूर और किकहिल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में पुणे महानगरपालिका के २० हजार कोरोना वॉरियर्स को (सफाई कर्मचारी, वार्ड ऑफिसर, पालिकेतील इतर कर्मचारी) रस माधव वटी का वितरण किया जा रहा है. इस उपक्रम का शुभारंभ मुरलीधर मोहोळ के हातो हुआ. महापौर कार्यालय में हुए इस समारोह को संयोजक वैद्य तुषार सौंदाणकर, वैद्य राहुल शेलार, किकहिल सीएसआर हेड अजय शिर्के, वैद्य श्रीकांत काकडे, वैद्य गिरीश शिर्के, वैद्य अभय जमदग्नी, वैद्य विनय सचदेव आदी उपस्थित थे.

मुरलीधर मोहोल ने कहा, पिछले साडेपाच महिने से पालिका के सभी अधिकारी, कर्मचारी खुद को धोके में डालकर काम कर रहे है.

भारत डायरी